हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में युवाओं, संगीतकारों और कंटेंट क्रिएटर्स से नशा मुक्त भारत अभियान के लिए विभिन्न भाषाओँ में संगीतमय नारे और धुनें बनाने की अपील की।
- श्री मोदी ने त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीद पर बल दिया।
- प्रधानमंत्री ने कहा - पी एम स्वनिधि योजना से 35 लाख महिलाओं को लाभ मिला।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बहुत कम ब्याज पर ऋण देने वाले दावे का खंडन किया।
- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कैथल के गाँव दयौरा में बनने वाले ‘आनंदम’ वृद्ध सेवा आँगन का शिलान्यास किया।

-------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 'नशा-मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान पूरे देश में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए, श्री मोदी ने खुशी जाहिर की कि नशा-मुक्त युवा और नशा-मुक्त भारत के लक्ष्य वाला यह अभियान सिर्फ़ एक औपचारिकता नहीं है। यह भारत के युवाओं की सेहत, खुशी और उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सामूहिक संकल्प है।प्रधानमंत्री ने उन लोगों की तारीफ की जो नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाते हैं और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं।

श्री मोदी ने कंटेंट क्रिएटर्स से अपील की कि वे समाज की इस कोशिश में मदद करने के लिए अलग-अलग भाषाओं में कंटेंट बनाएं।

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता में एक अद्भुत गुण होता है। उन्होंने कहा कि जब किसी जगह को साफ रखने का संकल्प लोगों की अपनी प्रतिबद्धता बन जाता है, तो वह उस जगह की पहचान को पूरी तरह से बदल देता है।

श्री मोदी ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में सफ़ाई के लिए की जा रही ऐसी कोशिशें लोगों को लगातार प्रेरित करती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त महीना देशभक्ति के कई रंग साथ लेकर आया और कई मौकों ने इसे खास बनाया।

श्री मोदी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान इस भावना को और मज़बूत करता है।

श्री मोदी ने इस बार त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीद के लिए भी प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री ने 'पीएम स्वनिधि योजना' का उल्लेख भी किया और कहा कि इसके ज़रिए लाखों महिलाओं को नई ताकत मिल रही है। श्री मोदी ने कहा कि 'पीएम स्वनिधि योजना' के लाभार्थियों में लगभग 46 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि 'महिला सशक्तिकरण' के इस पहलू पर उतनी चर्चा नहीं होती जितनी होनी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि आज देश की बेटियों के सपनों की उड़ान ज़मीन से अंतरिक्ष तक पहुँच रही है।

----------------

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बहुत कम ब्याज दर पर ऋण देने वाले दावे का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि यह पत्र फर्जी है। मुद्रा एक पुनर्वित्त संस्था है और यह छोटे उद्यमियों या व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से ऋण प्रदान नहीं करती है।पत्र सूचना कार्यालय ने नागरिकों से ऐसे दावों के झांसे में न आने को कहा है।

----------------

हरियाणा में आज विभिन्न स्थानों पर  मन की बात कार्यक्रम सुना गया और लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

पलवल में भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैसला ने कहा कि श्री मोदी मन की बात कार्यक्रम लोगों को प्रेरणा देने का काम करता है।

जींद में उचाना से भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज के हर वर्ग में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है।

पानीपत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कार्यक्रम से सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और सेवा की भावना को बल मिलता है।

----------------

केंद्रीय उपभोक्ता मामले विभाग ने कानूनी मापन - भारतीय मानक समय नियम, 2026 अधिसूचित कर दिया है। इन नियमों के अनुसार, भारतीय मानक समय को देशभर में कानूनी, प्रशासनिक, वाणिज्यिक और अन्य आधिकारिक कार्यों के लिए एक समान समय संदर्भ के रूप में उपयोग किया जाएगा। ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 180 दिनों के बाद लागू हो जाएंगे।